ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।
प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 15.06.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# खुशखबरी

- भारत सरकार द्वारा द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पथ विक्रताओं के लिये सुनहरा अवसर।

1. पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत पथ विक्रेताओं को ऋण वितरण हेतु नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में लीड बैंक कार्यालय सभागार में सभी अधिशासी अधिकारी, परियोजना अधिकारी, लीड बैंक प्रबन्धक तथा सभी बैंक प्रबन्धक के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें योजना के अन्तर्गत 2nd Tranche of Loans Rs 20000 Per Vendor मार्च 2022 के लक्ष्य को पूरा करने के लिये नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया गया। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत रुपये 10 हजार ऋण का लाभ लिये पथ विक्रेंताओं को नियमित समय तथा समय से पहले अदायगी करने पर रुपये 20 हजार का ऋण बैंको के माध्यम से दिया जाना है। इसके साथ ही समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी बैंकों के प्रबन्धकों को बताया गया कि शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिन पथ विक्रेताओं को 10 हजार रुपये का लोन वितरण किया गया था एवं जिन पथ विक्रेताओं के द्वारा नियमित रुप से लोन की किस्त अदा की जा रही है, उनको 20 हजार रुपये का 2nd Tranche of Loans Rs 20000 Per Vendor वितरण किया जायें व 20 हजार लोन प्राप्त करने के उपरान्त नियमित रुप से जमा करने पर 50 हजार का लोन प्रदान किया जायेगा। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा बैंक प्रबन्धको को निर्देशित किया गया कि जिन पथ विक्रेताओं का पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत 10 हजार रुपये का लोन स्वीकृत हो चुका है, उनको तत्काल 10 हजार रुपये का ऋण वितरण कर दिया जायें। समीक्षा बैठक में लीड बैंक प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि जिन पथ विक्रकताओं द्वारा डिजिटल लेन–देन किया जा रहा है, उनके बैंक खातों में सब्सिडी भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी, परियोजना अधिकारी डूडा अतुल कुमार पाठक, लीड बैंक प्रबन्धक चन्द्र शेखर जोशी एवं सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी व बैंकों के प्रबन्धक, शहर मिशन प्रबन्धक उपस्थित रहें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।